[This question paper contains 4 printed pages.]

Sr. No. of Question Paper : 6901 **E** **Your Roll No................**

Unique Paper Code : 205471

Name of the Course : **B.Sc. (H) Maths/ B.A. (Hons.)**

Name of the Paper : HINDI LITERATURE (DCC/Credit Course)

Semester : IV

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 75

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) आदिकाल के नामकरण पर प्रकाश डालिए।

अथवा

रीतिकाल का सामान्य परिचय दीजिए। (7)

(ख) 'आधुनिक बोध' अथवा मध्यकालीन बोध का स्वरूप स्पष्ट कीजिए। (7)

(ग) नवजागरण से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

हिन्दी साहित्य पर नवजागरण के प्रभाव को संक्षेप में लिखिए। (7)

2. (क) 'बालिका का परिचय' अथवा 'कुकुरमुत्ता' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए। (8)

(ख) किन्हीं दो पद्यांशों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(1) इस नील विषाद गगन में,

सुख चपला-सा दुख घन में,

चिर विरह नवीन मिलन में,

इस मरु - मरीचिका वन में

उलझा है चंचल मन-कुरंग।

(i) उपर्युक्त पंक्तियों के कवि का नाम तथा कविता का शीर्षक लिखिए। (2)

(ii) 'मरु-मरीचिका वन में' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (3)

(iii) इन पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए। (3)

(2) फावड़े और हल राजदंड बनने को है

धूसरता सोने से श्रृंगार सजाती है,

दो राह, समय के रथ का घर्घर-नाद सुनो,

सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

(i) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि का नाम और कविता का शीर्षक लिखिए। (2)

(ii) 'समय के रथ का घर्घर-नाद' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (3)

(iii) इन पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए। (3)

(3) राष्ट्रगीत में भला कौन वह

भारत भाग्य विधाता है

फटा सुथन्ना पहले जिसका

गुन हर चरना गाता है।

(i) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गई है और उसके कवि का नाम क्या है? (2)

(ii) 'कौन वह भारत-भाग्य विधाता है' से क्या आशय है। (3)

(iii) इन पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए। (3)

3. (क) 'दूध का दाम' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'पुरानी कहानी नया पाठ' के आधार पर राजनैतिक भ्रष्टाचार को स्पष्ट कीजिए। (8)

(ख) किन्हीं दो गद्यांशों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(1) "कस्बा रामपुर के व्यापारियों और बड़े महाजनों ने समझ लिया- 'शुभ लाभ' का ऐसा अवसर बार-बार नहीं आता। चीनी आक्रमण के समय वे हाथ मल कर रह गए। यह अकाल का हल्ला चल ही रहा था कि भगवान ने बाढ़ भेज दिया। दरवाजे के पास तक आई हुई गंगा में कौन नहीं हाथ धोएगा भला। उनके गोदाम खाली हो गए, रातों-रात बही खाते दुरुस्त। अकाल पीड़ितों के लिए फंड में पैसे देने की सरकारी-गैर सरकारी अपील पर उन्होंने दिल खोलकर पैसे दिए।"

(i) प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक और रचना का नाम लिखिए। (2)

(ii) उपर्युक्त पंक्तियों में किस अवसर की ओर संकेत किया गया है? (3)

(iii) उपर्युक्त पंक्तियों में व्यापारियों-महाजनों पर क्यों व्यंग्य किया गया है। (3)

(2) बिबिया तक यह समाचार पहुँचते देर न लगी उस जैसे अभिमानिनी स्त्री के लिए यह समाचार पतीले में आगे के समान हो गया। दुर्भाग्य से उसने एक दिन करीम मियां को अपने द्वार पर देख लिया। बस फिर क्या था- भीतर से तरकारी काटने का बड़ा चाकू निकाल कर और भी टेढ़ा कर उसने उन्हें बता दिया कि रमई के ऐसी हरकत करने पर वह उन दोनों के पेट में यही चाकू भोंक देगी। फिर चाहे उसे कितना ही कठोर दंड क्यों न मिले पर वह ऐसा करेगी अवश्य। वह ऐसी गाय-बछिया नहीं है जिसे चाहे कसाई-के हाथ दिया जाये, चाहे वैतरणी पार उतरने के लिए महाब्राह्मण को दान कर दिया जाए।

(i) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार का नाम बताइए, रचना का शीर्षक भी लिखिए। (2)

(ii) प्रस्तुत पंक्तियों में किस समाचार की ओर संकेत किया गया है। (3)

(iii) बिबिया के चरित्र की कौन-कौन सी विशेषताएँ उभर कर आती हैं? (3)

(3) मेरे तो भाग फूट गए। सरकार ने बहादुरी का खिताब दिया है, लायलपुर में जमीन दी है, आज नमकहलाली का मौका आया है पर सरकार ने हम तीमियों की इक घघरिया पलटन क्यों न बना दी जो मैं भी सूबेदार जी के साथ चली जाती? एक बेटा फौज में भर्ती हुए- - उसे एक ही बरस हुआ। उसके पीछे चार और हुए एक भी नहीं जिया। सूबेदारनी रोने लगी। अब दोनों जाते हैं। मेरे भाग तुम्हें याद है एक दिन तांगे वाले का घोड़ा दही वाले की दुकान के पास बिगड़ गया था। तुमने उस दिन मेरे प्राण बचाए थे। आप घोड़ों की लातों में चले गए थे और मुझे उठाकर दुकान के तख्ते पर खड़ा कर दिया था। ऐसे ही दोनों को बचाना। यह मेरी भिक्षा है। तुम्हारे आगे मैं आँचल पसारती हूँ।

(i) प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक का नाम और रचना का शीर्षक लिखिए। (2)

(ii) 'यह मेरी भिक्षा है' पंक्ति का क्या आशय है? (3)

(iii) सूबेदारनी के चरित्र की क्या विशेषताएँ उभर कर सामने आती हैं? (3)

4. (क) किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) डी.डी. और कर्नल शास्त्री का झगड़ा क्यों हुआ?

(ii) बेबी के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए।

(iii) शिवपालगंज गाँव की दो विशेषताएँ लिखिए।

(iv) वैद्यजी ने ग्राम सभा का प्रधान किसे बनवाया और क्यों? (3)

(ख) किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) गालब के गुरु विश्वामित्र ने उससे क्या गुरुदक्षिणा माँगी और क्यों?

(ii) गालब ने माधवी को अपनाने से इंकार क्यों कर दिया?

(iii) रामचन्दर का कोर्ट मार्शल क्यों हो रहा था?

(iv) कैप्टन कपूर की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (3)